जागरण MENU राज्य चुनें वीडियो वर्ल्ड कप
HINDI NEWS SUBSCRIBE Type Your search
ताज़ा | राष्ट्रीय | वर्ल्ड कप | दुनिया | बजट 2019 | स्पेशल | विश्वास.News | मनोरंजन | पॉलिटिक्स | बिजनेस | टेक ज्ञान | लाइफस्टाइल | आम मुद्दे | ऑटो | Epaper
अपने पसंदीदा टॉपिक्स चुनें

खतरनाक स्थिति : हवा में ओजोन का उच्च स्तर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक, अध्ययन में हुआ खुलासा

Publish Date:Fri, 21 Jun 2019 11:53 AM (IST)

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendati
our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों के साथ ओजोन की जुगलबंदी स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक सिद्ध हो सकती है।

नई दिल्ली, आइएसडब्ल्यू। Ozone : हवा में ओजोन का उच्च स्तर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस वर्ष अप्रैल से जून के बीच गर्मी के महीनों में जब पारा लगातार बढ़ रहा है तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ओजोन का स्तर भी पिछले वर्ष की तुलनामें निर्धारित मात्र से अधिक पाया गया है।

स्वास्थ्य के लिए अधिक खतरनाक

वैज्ञानिकों का कहना है कि हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों के साथ ओजोन की जुगलबंदी स्वास्थ्य के लिए अधिक खतरनाक हो सकती है।इस साल 1 अप्रैल से 15 जून के बीच ऐसे दिनों की संख्या ज्यादा रही है जब ओजोन का स्तर निर्धारित मानकों से अधिक दर्ज किया गया है।

पिछले साल इस अवधि में पांच प्रतिशत दिन ऐसे थे जब ओजोन की मात्र निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई थी जो इस साल बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है। इस वर्ष 28 दिन ऐसे रहे हैं जब ओजोन का स्तर अधिक दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष 17 दिनों का था।

सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट का विश्लेषण

सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट (सीएसई) के शोधकर्ता केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निगरानी केंद्रों से प्राप्त वर्ष 2018 और 2019 के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। अत्यधिक सक्रिय गैस है ओजोन सीएसई की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी ने बताया कि ओजोन अत्यधिक सक्रिय गैस है जिसका सांस की बीमारियों से ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

वाहनों, उद्योगों से उत्सर्जित नाइट्रोजन ऑक्साइड (NO) है जिम्मेदार

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendati
our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

ऑक्साइड और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के हवा में सूर्य के प्रकाश और तापमान के संपर्क में आने से बनती है।

गाजियाबाद और गुरुग्राम में मिला उच्च स्तर

गाजियाबाद और गुरुग्राम में मिला उच्च स्तर कई आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में ओजोन की निर्धारित सीमा पार करने वाले दिनों की संख्या बहुत अधिक (53 से 92 प्रतिशत) दर्ज की गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी ओजोन का उच्च स्तर पाया गया है। फरीदाबाद में सर्वाधिक 80 प्रतिशत दिनों में ओजोन का स्तर सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में 67 प्रतिशत और गुरुग्राम में 21 प्रतिशत गर्मी के दिनों में ओजोन का स्तर अधिक दर्ज किया गया है।

अब तक गर्मी के मौसम में ओजोन का घनत्व 122 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर

ओजोन जोखिम का औसत मानक आठ घंटे में 100 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर होता है। इस वर्ष अब तक गर्मी के मौसम में ओजोन का घनत्व 122 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया है जो निर्धारित मापदंड से 1.22 गुना अधिक है। पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 106 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज किया गया था। शोधकर्ताओं के अनुसार यह स्थिति चिंताजनक है। हमें समय रहते इसके लिए कदम उठाने होंगे।

लोकसभा चुनाव और क्रिकेट से संबंधित अपडेट पाने के लिए डाउनलोड करें जागरण एप

Posted By: **Jagran News Network**

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendati
our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

news # national # Ozone # NO2

center for science and environment # common man issues

सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट # स्वास्थ्य के लिए हानिकारक अोजोन का स्तर # # News

National News

ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश मैच 26

Result कमेंट्री स्कोरकार्ड

बांग्लादेश	ऑस्ट्रेलिया
333/8	381
(over : 50.0)	(over : 50.0)

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 48 रनों से हराया

लेटेस्ट वीडियो

खूबसूरत अंदाज में शिल्पा शेट्टी ने किया योगा, लोगों को भी दिए टिप्स

दिल्ली मेट्रो स्टेशन के नीचे उठीं आग की लपटी, खाक हुआ बाजार

Airport Looks: इन सेलेब्स ने एयरपोर्ट पर अपने लुक से बिखेरे जलवे

विश्व कप की खबरें

न्यूज | शेड्यूल | रिजल्ट | टीम

CRICKET | 24 Mins Ago

PM इमरान खान की टिप्स पर बोले

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendati
our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK

CRICKET | 2 Hours Ago

World Cup 2019 England vs Sri Lanka Expected Playing 11: ये है इंग्लैंड की संभावित प्लेइंग इलेवन

CRICKET | 2 Hours Ago

Sri Lanka vs England World Cup 2019 Live Streaming Online: जानें- कब और कहां देखें ये मैच

CRICKET | 2 Hours Ago

ICC World Cup 2019 ENG vs SL Expected Playing 11: इंग्लैंड को मजा चखाएगी श्रीलंका की यह प्लेइंग इलेवन

CRICKET | 16 Hours Ago

डेविड वार्नर ने World Cup में किया ये कमाल, क्रिस गेल जैसे दोहरे शतकवीर भी रह गए पीछे

MID-DAY HEALTH EDUCATION NAI DUNIA INEXTLIVE HER ZINDAGI RADIO CITY BLOGS

Copyright ©2019 Jagran Prakashan Limited. DIGITAL CERTIFIED

Hindi News About Us Advertise With Us Book Print Ad Partnership Contact Us Sitemap Privacy Policy Disclaimer Submit Your News

This website uses cookie or similar technologies, to enhance your browsing experience and provide personalised recommendati
our **Privacy Policy** and **Cookie Policy**. OK